# कार्यालय—निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा—माध्य/मा—स/विविध(25)/वो—2/2022—23 दिनांक : 02.08.2023

**समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।**
**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।**
**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)—माध्यमिक।**
**समस्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।**

**विषय :—** समस्त राजकीय/गैर राजकीय विद्यालयों में "अंगदान प्रतिज्ञा" के आयोजन के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि हमारे देश में प्रत्यारोपण के लिए अंगों एवं टिश्यू की कमी को देखते हुए अंगदान के प्रति जागरूकता लाना अत्यन्त आवश्यक है। उक्त क्रम में लेख है कि एक विद्यार्थी को जागरूक करने का अर्थ है, एक परिवार को जागरूक करना। अतः राज्य की समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में कक्षा— 09 से 12 के समस्त विद्यार्थियों द्वारा संलग्नित "अंगदान प्रतिज्ञा" दिनांक : 03.08.2023 को प्रार्थना सभा के पश्चात् अनिवार्य रूप से ली जानी है।

उल्लिखितानुसार प्रदत्त निर्देशों की पालना में "अंगदान प्रतिज्ञा" की जिलेवार रिपोर्ट संलग्नित निर्धारित प्रारूप में M.S.EXEL तथा DevLys 010 FONT 14 की सॉफ्ट प्रति सहित हस्ताक्षरित PDF संलग्न कर तत्काल ही इस कार्यालय की ई.मेल आई.डी. massecondary@gmail.com पर प्रेषित करवाया जाना सुनिश्चित करें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

**संलग्न :—यथोपरि।**

Rajasthan Education Department

(काना राम)
आइ.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

**प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित है :—**

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, जयपुर।
3. संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप—6) विभाग, जयपुर।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने एवं समस्त सम्बन्धितों को ई—मेल प्रेषित करवाने बाबत।
5. रक्षित पत्रावली।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature valid

Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.08.02 1?:25:40 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4432359

# अंगदान प्रतिज्ञा

मैं..........................................प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि मैं अपने ऐसे अंगों और टिश्यू को, जिनका उपयोग मेरी मृत्यु के पश्चात् किसी को नया जीवन देनें के लिये किया जा सकता है, दान करूंगा/करूंगी।

हमारे देश में प्रत्यारोपण के लिए अंगों और टिश्यू की कमी को देखते हुए, मैं यह भी प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि मैं अपने परिवार, मित्रों और देशवासियों को भी अपने अंग एवं टिश्यू दान करने के लिए प्रेरित करने के सभी प्रयास करूंगा/करूंगी।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

## निर्धारित प्रारूप

| क्र.सं. | जिले का नाम | कुल विद्यालयों की संख्या | प्रतिज्ञा में भाग लेने वाले कुल विद्यार्थियों की संख्या | प्रतिज्ञा में भाग लेने वाले कुल अध्यापकों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते